# हिन्दी

**(www.tiwariacademy.com)**

**(दूर्वा)(पाठ 11)( पोंगल )**

**(कक्षा 7)**

**प्रश्न 1:**

**पाठ से**

**प्रश्न कः**

पोंगल का त्योहार अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग नामों से मनाया जाता है। पाठ के आधार पर तालिका भरो।

**उत्तर कः**

| क्रम संख्या | राज्य | त्योहार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | तमिलनाडु | पोंगल |
| 2 | गुजरात से बंगाल | संक्रांति |
| 3 | पंजाब | लोहड़ी |
| 4 | महाराष्ट्र | तिल–गुड़ |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | पानुङ |

**प्रश्न खः**

पोंगल चार दिनों तक मनाया जाता है। प्रत्येक दिन के मुख्य क्रिया–कलाप बताओ।

**उत्तर खः**

पोंगल चार दिन का त्योहार है – पहले दिन लोग भोगी त्योहार मनाते हैं घर की साफ–सफाई करते हैं । शाम को बच्चे ढोल और बाजे बजाकर खुशियॉ मनाते हैं । दूसरे दिन घर को रंगोली से सजाते हैं । तीसरे दिन 'माट्टु पोंगल' मनाया जाता है। चौथे दिन 'काणुम पोंगल' होता है। खाना बाँधकर पूरा परिवार घर से बाहर निकल पड़ता है।जगह–जगह मेले लगते हैं। लोग मेलों में घूमते हैं या आसपास के स्थान देखने के लिए चल पड़ते हैं।

**प्रश्न गः**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। इस बात को सिद्ध करने के लिए दो उदाहरण दो।

**उत्तर गः**

भारत में कृषि सबसे मुख्य व्यवसाय है यह व्यवसाय के साथ–साथ उल्लार और त्योहार का पर्व है पूरे भारत में फसलों के पकने पर उत्सव मनाया जाता है । जहॉ पंजाब में फसल पकने लर लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है तो दूसरी ओर नई फसलों के पकने पर तमिलनाडु में पोंगल मनाया जाता है ।

**प्रश्न 2:**

**तुम्हारी पसंद**

तुम्हारे प्रदेश में कौन–कौन से त्योहार मनाए जाते हैं? तुम्हें कौन सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है?

**उत्तर 2:**

हमारे प्रदेश में होली ,दिवाली दशहरा कृष्ण– जन्माष्टमी , ईद आदि बड़े धूम–धाम से मनाए जाते है। लेकिन मुझे इन सब त्योहारों में होली सबसे ज्यादा पसंद है क्योकि इस दिन सब आपस में गले मिलकर एक–दूसरे को बधाई देते हैं ।

**प्रश्न 3:**

**खेती–बाड़ी**

पाठ में खेती से जुड़े अनेक शब्द आए हैं। तुम खेती या बागवानी से जुड़े कुछ औजारों के नाम बताओ।

**उत्तर 3:**

खेती–बाड़ी के लिए निम्न औजारों का प्रयोग किया जाता है ।

जैसे :– हल, फावड़ा , खुरपी , गैंती , तसला और ट्रैक्टर आदि ।

**प्रश्न 4:**

**रंगोली**

**प्रश्न क:**

पोंगल के दिन घर आँगन को रंगोली से सजाते हैं। रंगोली बनाने के लिए किन–किन चीजों का प्रयोग किया जाता है ? सूची बनाओ।

**उत्तर क:**

रंगोली बनाने के लिए निम्न चीजों की जरूरत पड़ती हैं ।

1 चावल

2 आटा

3 रंग

4 लकड़ी का बुरादा

**प्रश्न ख:**.

नीचे दी गई जगह में रंगोली का कोई डिजाइन बनाओ।

**उत्तर ख:**

रंगोली डिजाइन



**प्रश्न 5:**

**खाना–पीना**

पाठ में ऐसी अनेक चीजों के नाम आए हैं जिन्हें खाने–पीने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। बताओ, इनका प्रयोग किन पकवानों में होता है ?

**प्रश्न क:**

चावल

**उत्तर क:**

खीर, खिचड़ी पुलाव , बिरयानी

**प्रश्न ख:**

हल्दी

**उत्तर ख:**

सब्जी , चावल , खिचड़ी , दाल

**प्रश्न ग:**

गुड़

**उत्तर ग:**

पट्टी , गजक , खटाई

**प्रश्न घ:**

मक्का

**उत्तर घ:**

रोटी, पापकॉर्न ,

**प्रश्न ङ:**

गन्ना

**उत्तर ङ:**

रसावल, चीनी

**प्रश्न च:**

दूध

**उत्तर च:**

खीर , दही , पनीर , चाय

**प्रश्न छः**

तिल

**उत्तर छः**

लड्डू , रेंवड़ी गजक